**Page Three**

**Classified**

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# पुरोला नगर वासियों को जल्द मिलेगी जाम के झाम से निजात

## बाईपास सड़क,पार्किंग को प्रशासन व वन,लोक निर्माण विभाग ने किया संयुक्त सर्वेक्षण

**भरोसा**

■क्षेत्र भ्रमण के दौरान प्रतिनिधियों की मांग पर डीएम ने निस्तारण का दिया था भरोसा

**सवांददाता**

पुरोला। मुख्य बाजार में आये दिन लगने वाले जाम से अब जल्दी ही नगर वासियों को निजात मिलने की उम्मीद जग गयी है। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित के क्षेत्र भ्रमण के दो सप्ताह में ही त्वरित कार्यवाही के निर्देश पर वाई पास व पार्किंग निमार्ण को वनविभाग हल्का वाहन मार्ग के चयन को लोनिवि व स्थानीय प्रशासन के साथ संयुक्त सर्वेक्षण व प्रस्ताव तैयार करनें के बाद अब लोगों को जाम के झाम से निजात मिलनें की उम्मीद जगी है।

नगर क्षेत्र,मुख्य बाजार में जाम के झाम से निजात दिलानें को एक दशक पहले पुरोला में लोनिवि पुरानी कालोनी से पुरोलागांव व लिस्सा



भंडार से मखना तक वन विभाग हल्का वाहन मार्ग पर वाईपास स्वीकृत है। जबकि नगर पंचायत गठन के बाद से ही तहसील गेट पर खाली जमीन पर पार्किंग निमार्ण भी प्रस्तावित है। किंतु अभी तक वाईपास,पार्किंग का कार्य बार– बार की अडचनों के कारण आज तक अधर में लटका रहा

वहीं जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने दो सप्ताह पहले जनसमस्याओं को सुनते हुए ही पार्किंग व दो वाईपास निमार्ण के जल्द निस्तारण करने व निर्माण कार्य सुरु करवाने का भरोशा दिया। प्रभागीय वनाधिकारी सुबोध काला ने बताया कि बाईपास को लिस्सा डिपो मखान खाधान्न गोदाम तक आधा किमी वन विभाग हल्का वाहन मार्ग का संयुक्त सर्वेक्षण रिपोर्ट जिलाधिकारी को भेजी जा रही है।

वहीं लोनिवि अधिशासी अभियंता धीरेंद्र कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर पुरानी लोनिवि कालोनी से पुरोला गांव स्वीकृत वाईपास सडक कटींग कार्य व पार्किंग निमार्ण कार्य जल्दी ही शुरू कर दिया जायेगा।

उपजिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी ने बताया कि लिस्सा डिपो –मखना–खाधान्न गोदाम हल्का वाहन वन मार्ग बाई पास सड़क निर्माण को लोनिवि,वन विभाग के साथ संयुक्त सर्वेक्षण कर जिलाधिकारी को प्रस्ताव भेज दिया गया,पार्किंग निमार्ण को लोनिवि को निर्देश दिये गये हैं जबकि कूड़ाडंपिंग को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष हरिमोहन नेगी के साथ जल्दी ही कुडाडंपिंग का जमीन का चयन कर लिया जायेगा।

## न्यूज डायरी

### मनी लाड्रिंग के मामले में एसआई के खिलाफ केस दर्ज

**संवाददाता** पिथौरागढ़। जिले के व्यापारी ज्योति साहनी ने कोतवाली पुलिस के एसआई दीपक सिंह के खिलाफ थाना कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। व्यापारी द्वारा एसआई पर कई तरह के आरोप भी लगाये है। थाना कोतवाल रमेश तनवर ने बताया कि व्यापारी के तहरीर के आधार पर एसआई दीपक बिष्ट के खिलाफ 168,385 आईपीसी के तहत मनी लाड्रिग का केस दर्ज किया है। मामले की जांच किये जाने की बात भी कोतवाल ने कही है। मामले की जांच के बाद आगे की कारवाही की जायेगी।

### सीएम की ओसडी भटट की पत्नी के निधन पर दनके गांव में शोकी लहर

**संवाददाता** पिथौरागढ़। सीएम के ओएसडी विशेष अधिकारी उर्वादत्त भटट की शिक्षिका पत्नी के निधन की सुचना मिलने पर भजपा कार्यकर्ताओं ने दुख जताया है। जानकारी मिलते ही उनके गांव बडौली में शोक की लहर छा गयी। भाजपा कार्यकताओ ने उनके गांव बडौली में जाकर दनके श्तिदारों को शोक की घड़ी में दुख सहने व मृतक शिक्षिका के परिववार वालों को ढाढ़स बंधाया।

### एमवे इंडिया ने होम डिलीवरी में 200 प्रतिशत का उछाल दर्ज किया

**संवाददाता** देहरादून। देश की अग्रणी एफएमसीजी डायरेक्ट सेलिंग कंपनियों में से एक एमवे इंडिया ऑनलाइन ऑर्डर्स में वृद्धि कोसुगम बनाने के लिए होम डिलीवरी (एचडी) और लॉजिस्टिक्स नेटवर्क को आगे बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। एमवेकी 10 साल की विकास दृष्टि के हिस्से के तौर परसामाजिक वाणिज्य के उभरते हुए रुझान के साथ मिलकर उद्यमिता की शक्ति को उन्मुक्त करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए इसवैश्विक डायरेक्ट सेलिंग दिग्गज ने इस साल की शुरुआत में लक्षित परिणामों को आगे बढ़ाने के लिएऑफलाइन–टू–ऑनलाइन को एकीकृत करना शुरू कर दिया था। एमवे ने भी इसी तरह की प्रवृत्ति देखी है।

### अमेज के ब्रांड एम्बेसडर कोहली ने कोविड हीरोज के प्रति आभार व्यक्त किया

देहरादून। भारत के सबसे नए व सबसे तेजी से बढ़ते इन्वर्टर एवं इन्वर्टर बैटरी ब्रांड्स में से एक, अमेज ने आज अपनी नई डिजिटल फिल्म का अनावरण किया। इस फिल्म में कोविड–19 महामारी के दौर में विराट कोहली को दिखाया गया है। इस फिल्म में आसान तरीके से कोविड के बिना एक शांतिपूर्ण व उज्जवल भविष्य दिखाया गया है। इस नई फिल्म में विराट अपने भविष्य को खत लिख रहे हैं और साल 2020 की याद कर रहे हैं।



## युद्ध स्मारक के शीघ्र पूर्णता को राजनाथ सिंह से मिला सहायता का आश्वासन

### रक्षा मंत्री से तरुण विजय की युद्ध स्मारक पर हुई चर्चा

देहरादून। उत्तराखंड शौर्य स्थल के अध्यक्ष तरुण विजय आज दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मिले और उन्होंने चीन के विरुद्ध दृढ़ रुख अपनाने हेतु उन्हें उत्तराखंड के सैनिक परिवारों की ओर से साधुवाद दिया। तरुण विजय ने देहरादून स्थित युद्ध स्मारक की शीघ्र पूर्णता हेतु राजनाथ सिंह से आधे घंटे विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। पहला यह कि सेनाध्यक्ष द्वारा दी गयी दो बड़ी गन्स अभी तक नहीं लगाई गई हैं। वायुसेना से मिग 29 का एयरफ्रेम अभी तक नहीं पहुंचा है। नौसेना का प्रतीक भी आना बाकी है। इसके आलावा युद्ध स्मारक में प्रध ाानमंत्री के सुझावानुसार शहीदों के नाम ढूंढने का एप्प भी लगाना है जो रक्षा मंत्रालय लगाएगा। राजनाथ सिंह ने इस महान युद्ध स्मारक के लिए हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

## पीने के लिए गरम पानी घर से मंगाने को मजबूर हुए कोरोना संक्रमित

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

पिथौरागढ़। जिला चिकित्सालय के आइसोलेशन वार्ड में भर्ती तमाम कोरोना संक्रमितों ने शिकायत की है कि उन्हें पीने के लिए गरम पानी तक नही मिल पा रहा है। ऐसे में संक्रमण के चलते वे बाहर तक नही जा सकते है। पीने के लिए गरम पानी उन्हें अपने घर से मंगाना पड़ रहा है। दूसरी ओर कुछ मरीज खुद के बल पर बिजली कैटल खरीद कर व्यवस्था कर ले रहे है। आलम यह है कि जिन मरीजों के घर काफी दूर है वे अस्पताल में ठंडा पानी पीने को मजबूर हो रहे है। बता दें कि नियमों के मुताबिक कोरोना पीड़ितों के लिए

**जिला चिकित्सालय के आइसोलेशन वार्ड में भर्ती तमाम संक्रमितों की बढ़ने लगी मुशिकिले**

गरम पानी पीना विशेष रूप से जरूरी होता है। जिन मरीजों को कुछ भी इंतजाम नही मिल पा रहा है उनकी मजबूरी है कि उनको अब ऐसे हालातों में ठंडा पानी ही पीना पड़ रहा है।

जिला अस्पताल में आइसोलेट किये गये तमाम कारोना पीड़ित मरीजों की कोई ऐसी हालत में सुध लेने वाला नही है। वही जिनके घर नजदीक है वे लोग ऐसे स्थिति में अपने रिश्तेदारों को अस्पताल में मजबूरी में बुलाने को परेशान भी हो रहे है। मरीजों को जिला चिकित्सालय के चिकित्सा विशेषक ठंडा पानी का सेवन न करने की बार बार हिदायत दे रहे है। यदि सरकार के कोरोना संकट से निपटने के उपायों की बात की जाए तो तमाम प्रयास व जागरूकता अभियान चलाये जाने के बावजूद भी हालात जिले मे बद्दतर होते जा रहे है। दूसरी ओर कोरोना पीड़ितों के लिए किया जा रहा अच्छा खासा बजट स्वास्थ विभाग को दिया जा रहा है। इस बारे में सीएमओ डां हरीश चन्द्र पंत ने कहा है कि मरीजों को जिला अस्पताल में पीने के लिए गरम पानी न मिल पाना बेहद चिंता का विषय है। इस मामले में पीएमएस से जानकारी तलब की जा रही है। बहुत जल्द इस मामले पर जिले के अस्पताल में कैटल की व्यवस्था करा ली जायेगी।

## पेटी डीजल डीलर की नियुक्ति को आवेदन की अंतिम तिथि 30 सितम्बर

**संवाददाता** रूद्रपुर। जिला पूर्ति अधिकारी श्याम आर्या ने बताया केन्द्र जसपुर से 01, केन्द्र गदरपुर से 01, केन्द्र सितारगंज से 01 तथा केन्द्र किच्छा एवं रूद्रपुर से कोई भी आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होने के फलस्वरूप केन्द्रों में पेटी डीजल डीलर की नियुक्ति की जा रही है। आवेदन पत्र प्राप्त करने की अन्तिम तिथि 30 सितम्बर निर्धारित की गयी है। उक्त तिथि के पश्चात कोई भी आवेदन पत्र स्वीकार नहीं होगा। 23 जून 2018 को जारी प्रेस विज्ञप्ति में जिन आवेदनकर्ताओं द्वारा पेटी डीजल डीलर हेतु आवेदन किया जा चुका है उन्हें इस विज्ञप्ति में पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।

तहसील जसपुर डीजल पेटी डीलरों का नियुक्ति का स्थान हजीरो में आरक्षण श्रेणी अन्य पिछड़ा वर्ग, गदरपुर तिलपुरी (कूल्हा) में अनुसूचित जाति, रूद्रपुर लोहर्रा (गंगा गणेशपुर) में अनुसूचित जाति मिल्क (कुरैया) में सामन्य, किच्छा धौराडाम में पिछड़ा वर्ग, सितारगंज गोविन्दनगर में सामन्य वर्ग के लिये किया गया है।